हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

06 गुरु पूर्णिमा पर पूजा-अर्चना के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं...



08 गुरुपूर्णिमा पर दादाजी धाम में दर्शन करने के लिए 3 लाख...





## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दादा कुटी में गुरु शिव की मानस पूजा को वर्चुअल किया संबोधित


### भारत वर्ष में गुरु की परंपरा सदियों से रही है: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरूवार को के दादा कुटी में चल रहे गुरू शिव का मानस पूजा को वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि भारतवर्ष में गुरू की परंपरा सदियों से विद्यमान रही है। भगवान श्री रामचंद्र जी का जीवन हमारे सामने हैं जिन्होनें गुरू विश्वामित्र के मार्गदर्शन में निशाचरों का संघार किया था। नर्मदा नदी के घाटों का निर्माण एवं आश्रय स्थलों का निर्माण कर रहे हैं। नर्मदा के किनारों पर वृहद स्तर पर पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। उन्होने कहा कि हमारे जीवन में माता पिता के बाद गुरू का ही महत्व रहता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने



गुरू पूर्णिमा के अवसर पर सभी गुरूओ को नमन करते हुए कहा कि गुरूओं के आशीर्वाद से ही सिंहस्थ 2028 की तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अवधूत श्री दादा गुरू के चरणों में नमन करते हुए कहा कि दादा गुरू स्वयं




आस्था की जीवंत मिसाल है।

दादा कुटी में चल रहे समर्थ श्री गुरू पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत शिव मानस पूजा को संबोधित करते हुए अवधूत श्री दादा गुरू ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति की परंपरा और मान्यता आज हमे पूरे विश्व में एक अलग पहचान दिलाती है। गुरू पूर्णिमा का आज पावन दिवस गुरूओं के प्रति आस्था का प्रकटीकरण है। गुरू परम अविनाशी होते हैं।


प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि हमारी सनातन परंपरा में गुरू हमें सत्य के मार्ग तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हम सब वृहद स्तर पर पौध रोपण कर नर्मदा मैया को स्वच्छ एवं निर्मल रखने का संकल्प लें। समर्थ श्री गुरू पूर्णिमा महोत्सव के दौरान आयोजित शिव मानस पूजा में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, पूर्व नपा अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष संगीता सोलंकी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नपाध्यक्ष ने लिया गुरु का आशीष



गुरूपूर्णिमा पर समर्थ दादा गुरू की कुटी पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव शामिल हुई और उन्होंने पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया।

### राज्यसभा सांसद ने किया शिव अभिषेक



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को श्री दादाजी कुटी, नर्मदापुरम में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया जिसमें राज्यसभा सांसद माया नारोलिया जी ने सम्मिलित होकर शिव अभिषेक कर परम सौभाग्य प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने शिव आराधना के माध्यम से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### पंचायत मंत्री पटेल आज जिले के भ्रमण पर

**नर्मदापुरम।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री तथा श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल 11 जुलाई शुक्रवार को नर्मदा पुरम जिले के भ्रमण पर रहेंगे। मंत्री श्री पटेल शुक्रवार को साय 7:00 बजे नरसिंहपुर जिले से नर्मदा पुरम जिले के लिए रवाना होंगे। रात्रि 9:30 बजे उनका आगमन नर्मदा पुरम होगा। मंत्री श्री पटेल दादा कुटी बीटीआई रोड जाएंगे तथा रात्रि 11:00 बजे दादा कुटी से प्रस्थान कर नर्मदा पुरम से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### रोजगार मेले में 104 युवाओं को मिला रोजगार

नर्मदापुरम। आज शासकीय नर्मदा स्नाकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का सफल आयोजन हुआ। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर एवं सिटी मजिस्ट्रेट विजेंद्र रावत द्वारा दीप प्रज्वलन सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ऋण वितरण एवं ऑफर लेटर वितरण किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उद्बोधन दिया।

### कलेक्टर ने की अतिवृष्टी एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन की समीक्षा

## क्षतिग्रस्त सड़कों की नियमित रूप से मरम्मत करें विभाग : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लगातार हो रही अतिवृष्टि को दृष्टीगत रखते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सोनिया मीना ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जर्जर भवनों एवं संरचनाओं को चिन्हित कर एक सप्ताह में तोड़ने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने अब तक हुई कार्यवाहियों से असंतोष व्यक्त करते हुए सख्त रूप से निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह के अंदर शेष बचे हुए भवनों को भी चिन्हित करें। उन्होने कहा कि चिन्हित सभी जर्जर भवनों का परीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाए कि कितने भवन पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं और तत्काल तोड़े जाने योग्य हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी भवनों को चिन्हित कर एक सप्ताह में कार्रवाई पूर्ण की जाए।

जिले में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए गुरूवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक ली जिसमें उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए।



### सड़कों की मरम्मत के निर्देश

कलेक्टर ने जिले की सड़कों की मरम्मत नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें मिल रही हैं, वहां तत्काल मरम्मतीकरण सुनिश्चित किया जाए। पीएमजीएसवाय को क्षेत्र से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अतिवृष्टि के दौरान पुल-पुलियों पर पानी के ओवरफ्लो की स्थिति में आवागमन को रोकने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

### नदी में छोड़े जाने वाले पानी का स्मार्ट प्रबंधन करें अधिकारी

कलेक्टर ने कलेक्टर ने ईई जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए कि नर्मदा नदी पर बने दोनों प्रमुख बांधों के संचालन विभागों से सतत संपर्क बनाए रखा जाए तथा नदी में छोड़े जाने वाले पानी का स्मार्ट प्रबंधन किया जाए ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटा जा सके। कलेक्टर ने एमपीईबी को निर्देशित किया कि बाढ़ एवं अतिवृष्टि के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में तत्काल आपूर्ति बहाल की जाए तथा करंट से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जाए। साथ ही उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि वर्षा जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए तथा डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम के लिए दवाइयों का छिड़काव करवाया जाए। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाइयों का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

### निर्देशों के पालन की रिपोर्ट दो दिवस में प्रस्तुत करेंगे संबंधित सभी अधिकारी

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिन विभागों द्वारा निर्देशों के परिपालन में कार्यवाही नहीं की गई है तथा अधिकतम जानकारी जिला कार्यालय को प्रस्तुत नहीं की गई है उन अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुसार अनुपालन रिपोर्ट भी दो दिवसों में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## एक सप्ताह की जोरदार बारिश थमी, आमजन को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में 5 दिनों से लगातार तेज बारिश का दौर बुधवार को थम रहा। सुबह से ही मौसम खुला रहा और दोपहर में धूप भी निकली। बारिश थमने से लोगों को राहत मिली। बरगी डैम से छोड़े पानी से नर्मदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बुधवार शाम 6 बजे नर्मदा नदी का जलस्तर 958.90 फीट के करीब पहुंच गया। फिलहाल में डेंजर लेवल से 5 फीट नीचे नर्मदा नदी बह रही है।

### 4660.6 मिमी वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 10 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 4660.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1695.2 मिमी वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 10 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 524.7 मिमी, सिवनीमालवा में 417.0 मिमी, इटारसी में 428.2 मिमी, माखननगर में 360.0 मिमी, सोहागपुर में 597.0 मिमी, पिपरिया में 574.8 मिमी, बनखेड़ी में 754.4 मिमी, पचमढ़ी में 622.8 एवं तहसील डोलरिया में 381.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है। वहीं तवा जलाशय का 1151.50 फीट है, बरगी जलाशय का 416.90 मीटर एवं बारना जलाशय 345.02 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर दर्ज किया गया है।

## नर्मदा कॉलेज में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व, हुई भाषण और गीत प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय नर्मदा कॉलेज में आज गुरु पूर्णिमा पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सर्वप्रथम मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भोपाल से माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सांदीपनी विद्यालय के कक्षों के लोकार्पण, गुरु पर्व और मेधावी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ गुरुजनों के सम्मान का सीधा प्रसारण डॉ आर के चौकसे, प्राध्यापकों, और विद्यार्थियों द्वारा देखा गया। तत्पश्चात सरस्वती पूजन के साथ भाषण प्रतियोगिता, गीत और कविता पाठ आयोजित किए गए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम



शिवांशु मिश्रा का कथन था कि गुरुओं का सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। द्वितीय प्रिया साहू और तृतीय रजत अहिरवार रहे। कविता पाठ में प्रिया साहू ने भवसागर तरण कारण है गुरुदेव दया कर दीन जने, शोधार्थी देवांश बैरागी ने शिष्यों के अज्ञान को जो वैतरणी माने वही गुरु है, धौम्य ऋषि बन जो अपना आरुणि पहचाने वही गुरु है तलस्पर्शी स्वरचित कविता पाठ किया। सुप्रिया मिश्रा और नेहा विश्वकर्मा ने भी अपने गीत प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में डॉ अमिता जोशी,डॉ के जी मिश्र, डॉ बी एस आर्य,डॉ आर एस बोहरे, डॉ कमल चौबे,डॉ कमल वाधवा डॉ संजय चौधरी, डॉ सुधीर दीक्षित, डॉ राजीव शर्मा, डॉ सविता गुप्ता एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री सारंग का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश सरकार के खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग गुरुवार को नर्मदापुरम पहुंचे। मंत्री श्री सारंग समर्थ गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होने नर्मदापुरम पहुंचे थे। नर्मदापुरम पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भरत सिंह राजपूत , भाजपा नेता नागेंद्र तिवारी , नंदकिशोर यादव , भाजपा नर्मदापुर मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत , ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल , भाजपा नेता मनीष परदेशी , भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल , संतोष मीणा , कमल चव्हाण , सुमित गौर , राकेश सराठे आदि मौजूद रहे।

## अमानक खाद बीज की कालाबाजारी करने वाले के विरुद्ध की जाए कड़ी कार्यवाही: कलेक्टर

### जिला उपार्जन समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में चल रही मूंग उपार्जन एवं खरीदी की प्रक्रिया की समीक्षा कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा गुरुवार को की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों की क्रियाशीलता, आवश्यक संसाधनों एवं उपकरणों की उपलब्धता तथा केंद्रों पर प्राप्त हो रही शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे वेयरहाउस एवं समितियां, जिन्होंने उपार्जन केंद्र की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है लेकिन संचालन प्रारंभ नहीं किया है, उनके विरुद्ध नियम अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नाफेड द्वारा दर्ज आपत्तियों की रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी करने वाले वेयरहाउस एवं समितियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि उपार्जन से संबंधित समस्त कार्यवाहियों की अद्यतन रिपोर्ट नियमित रूप से जिला कार्यालय में प्रस्तुत की जाए। उपार्जन समिति सदस्यों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिले में खाद-बीज की कालाबाजारी एवं अमानक खाद-बीज विक्रय करने वालों के विरुद्ध निरंतर कड़ी कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर ने कहा कि एफएक्यू (FAQ) गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए और खरीदी केंद्रों पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान उपसंचालक कृषि जे आर हेडाऊ, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू, जिला विपणन अधिकारी देवेंद्र यादव सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं उपार्जन समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## अभा कायस्थ महासभा ने गुरु पूर्णिमा पर किया कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कोरीघाट स्थित चित्रगुप्त मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा एसडीओपी पराग सैनी का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी पराग सैनी ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की और अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर एसडीओपी पराग कि नर्मदापुरम एक ऐसा स्थान है जहां हर व्यक्ति के रोम-रोम में मां नर्मदा की भक्ति की धारा बहती है। एसडीओपी पराग सैनी ने अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की सराहना की इस अवसर पर प्रीती खरे, ज्योति वर्मा, सुमन वर्मा, जानकी, श्रद्धा यदु , सुरेंद्र यदु, लालता प्रसाद, विजय कुम्भारे, प्रदीप गुप्ता, नेहा थापक, हिना अली, हेमंत राजपूत, श्याम राय, कमल चाव्हाण, दीपक थापक, गोविंद चौधरी, लालता प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### नगर पालिका परिषद में हुई जनसुनवाई

## अतिक्रमण की शिकायत की होगी जांच, सड़क से मिट्टी हटाने की शिकायत का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रति गुरूवार को नगरपालिका कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। आज जनसुनवाई मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा की गई। जनसुनवाई में उपयंत्री आयुषी रिछारिया, रीना गुप्ता, दीक्षा तिवारी आदि उपस्थित रहीं।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रति गुरूवार जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। आज करीब 10 से अधिक



समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया।

वार्ड नंबर 22 में नाली पर अतिक्रमण कर मकान बनाने की शिकायत की गई। जिसे जांच में लिया गया है। ग्वालटोली में एक मकान की दीवार जर्जर हो गई है उसे डिस्टमेंटल करने के लिए नगरपालिका से मदद मांग की गई। बीटीआई क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की शिकायत आई जिसे चालू कराया गया। सड़क से मिट्टी हटाने की शिकायत का तत्काल समाधान किया गया।

### केंद्रीय जेल में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के आदेश के अनुपालन में प्रतिमाह के द्वितीय सप्ताह में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसके अनुक्रम में गुरूवार को केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के खण्ड-'अ' में निरूद्ध बंदियों हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय मन कक्ष से डॉ. धनेश मिश्रा नाजिया सिद्धिकी, निधि पटवा नर्सिंग ऑफिसर द्वारा अवसाद एवं मानसिक रोग से पीडित जेल में निरूद्ध 16 बंदियों का फॉलोअप किया गया। साथ ही जेल में परिरूद्ध 21 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई एवं परामर्श दिया गया, स्क्रीनिंग किये गए बंदियो में से मनोरोग हेतु पॉजिटिव 06 बंदियों का चिकित्सक द्वारा उपचार प्रारंभ किया गया। आयोजित शिविर के दौरान शसंतोष सिंह सोलंकी जेल अधीक्षक, प्रहलाद सिंह बरकडे-उप अधीक्षक, हितेश बंडिया आदि मौजूद रहे।

## शहर के द चैम्प्स फन स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के द चैम्प्स फन स्कूल में गुरूपूर्णिमा पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस पर पर गुरु मंत्र के पाठ के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी एवं निदेशक जूही चटर्जी ने मां सरस्वती के चित्र पर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किए।

इसके बाद कक्षा यू.के.जी के विद्यार्थियों द्वारा गुरु वंदना स्वरूप दोहे एवं गुरु मंत्रों का भावपूर्ण गायन किया गया, जिन्हें विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया। बाद में बच्चों ने एक लघु नाटिका के माध्यम से गुरु के महत्व को सरस और सरल तरीके से दर्शाया।

तत्पश्चात विद्यालय की ओर से सभी शिक्षकों को पुष्प एवं श्रीफल भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने अपने प्रेरणास्पद संबोधन में गुरु के वास्तविक अर्थ, उनकी भूमिका तथा गुरु मंत्र और दोहे का विस्तृत अर्थ सरल भाषा में समझाया।

## खबर संक्षेप

### नर्मदापुरम आयुक्त करेंगे राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा

**बैतूल।** नर्मदापुरम संभाग आयुक्त के.जी. तिवारी की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारी को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

### आज जिला स्तरीय रोजगार स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेला

**बैतूल।** जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में आज 11 जुलाई को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड यदि हो तो, चार पासपोर्ट साइज फोटो, वोटर आईडी, समग्र आईडी की फोटोकॉपी के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 7 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। मेधावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड पुणे में उत्पादन एवं गुणवत्ता के 100 पदों के लिए योग्यता 10वीं 12वीं स्नातक, आईटीआई होना अनिवार्य है। कुलोदय टेक्नोपैक प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिक, हेल्पर के 100 पदों तथा यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता आठवीं, दसवीं, 12वीं आईटीआई होना अनिवार्य है। जेके बायो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पद तथा आरएफएमआई ग्रुप भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड मैनेजर, डिजिटल मैनेजर, टेलीकॉलिंग मैनेजर, बिजनेस एनालिस्ट के 120 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक होना अनिवार्य है। शक्ति मोटर्स मूलतापी प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक हेल्पर के 25 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा होना अनिवार्य है।

### जिपं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 16 को

**बैतूल।** जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 16 जुलाई को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने बताया कि बैठक में जिला पंचायत के त्रैमासिक आय-व्यय माह अक्टूबर 2024 से माह दिसंबर 2024, माह जनवरी 2025 से माह मार्च 2025 एवं माह अप्रैल 2025 से माह जून 2025 पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा जिला पंचायत के मूल कर्मचारियों एवं डीआरडीए सीधी भर्ती के कर्मचारियों की पदोन्नति पर एवं. आजीविका प्लाजा प्रोजेक्ट पर चर्चा होगी। वहीं परियोजना अधिकारी (संविदा) डीआरडीए जिला पंचायत बैतूल ललिता कर्णे को 1 अप्रैल 2014 से 31 जुलाई 2024 तक पारिश्रमिक/मानदेय में हुई वृद्धि अनुसार स्वत्व राशि रूपये 28 लाख 70 हजार 695 के भुगतान पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

### कामथ में निकली ध्वज यात्रा, गायत्री मंदिर में हुआ पांच कुंडीय यज्ञ संपन्न

# गुरु पूर्णिमा पर पूजा-अर्चना के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगर में गुरु पूर्णिमा का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। नगर के अनेक मंदिरों में पूजन पाठ और भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा अखाड़ी पर अपने कुल देवताओं के पूजन और दय्यत बाबा को मुर्गा एवं बकरा चलाने की प्रथा है। जिसके चलते आज नगर के अनेक स्थानों पर मुर्गों की बलि दी गई। नगर की सीमा से लगी ग्राम पंचायत कामथ में ग्राम देवता मोग्या बाबा की ध्वज यात्रा निकाल कर विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। ताप्ती तट गायत्री मंदिर में पांच कुंडिय गायत्री महायज्ञ कर गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। आठनेर रोड पर स्थित मरी माता मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजन पाठ किया। पूर्व पार्षद भीवजी पवार ने बताया कि अखाड़ी पर्व पर संपूर्ण नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसिद्ध मरी माता मंदिर में पूजन थाल लेकर आते हैं और मरी माता की विशेष पूजा अर्चना के बाद प्रतिवर्ष होने वाले विशाल भंडारा प्रसाद जी में भाग लेते हैं। नेहरू वार्ड नागदेव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूजन पाठ किया। इसके अलावा नगर के आरडी पब्लिक स्कूल नागपुर रोड, पोद्दार स्कूल अमरावती रोड, ड्रीम्स प्ले पब्लिक स्कूल मुलताई एवं कोरोला पब्लिक स्कूल में भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर छात्र-छात्राओं अपने गुरुओं की चरण वंदन कर आशीर्वाद लिया और अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

#### अखाड़ी के पावन पर्व पर निकाली मोग्या बाबा की ध्वजा यात्रा

मुलताई नगर की सीमा से लगे ग्राम कामथ में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुरु पुर्णिमा के पावन पर्व पर मोग्या बाबा सेवा समिति द्वारा ग्राम देवता मोग्या बाबा की ध्वज यात्रा निकली गई जो संपूर्ण ग्राम में भ्रमण करते हुए मोग्या बाबा मंदिर पहुंची जहां प्रतिवर्ष अनुसार विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। भीम साहू ने बताया कि मोग्या बाबा को कामथ वासी ग्राम रक्षक देवता मानते हैं जिसके चलते अखाड़ी पर्व पर यहां विशाल ध्वज यात्रा निकाली जाती है जो आकर्षण का केंद्र होती है। इस भव्य आयोजन में मोग्या बाबा मंदिर सेवा समिति के भीम साहू, मनीष चंदेल, मोहन शिवहरे, जिवन डोगरदिये, संतोष पटेल, रवि साहू, संजू साहू, सागर बजरंगी, हेमराज, अलकेश साहू, दिपांशु साहू की भूमिका उल्लेखनीय रही।



### गुरुपूर्णिमाः दादाजी की कुटी पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना

## मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना, दादाजी की कुटी में बंटी टिक्कड़-चटनी

**बैतूल।** जिले भर में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। खंजनपुर स्थित दादाजी की कुटी में सुबह से ही पूजा-अर्चना करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कतारबद्ध तरीके से श्रद्धालुओं ने कुटी के अंदर प्रवेश किया और मत्था टेका। इस मौके पर नवनिर्वाचित भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, सीसीबी के पूर्व अध्यक्ष विनय भावसार,



कोठीबाजार मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य, गंज मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा भी दादाजी की कुटी पहुंचे और उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। दादाजी धूनीवाले ट्रस्ट दादाजी कुटी के अध्यक्ष प्रवीण पम्मू भावसार, ट्रस्ट के पदाधिकारी और दादा भक्तों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री खण्डेलवाल के कुटी पहुंचने पर स्वागत कर उन्हें प्रसाद भेंट किया। वहीं दादाजी की कुटी में गुरूपूर्णिमा के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गुरूपूर्णिमा को लेकर दादाजी की कुटी में व्यापक तैयारियां की गई थी।

### गुरु पूर्णिमा पर की गई गुरु पूर्णिमा की पूजा-अर्चना

**शाहपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर शाहपुर विकासखंड के कुंडी पंचायत के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला ग्राम नवरंग धाना में संकुल कुंडली से सीएसी मैडम श्रीमती दीपना जगताप और शिक्षक गणों ने मां सरस्वती का पूजा अर्चना कर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। बच्चों ने भी उतने ही उत्साह के साथ अपने घरों से छायाचित्र अपनी सुलेख और नोटबुक पुस्तिका में बनाकर लाया। साथ ही में पूजन सामग्री भी लेकर आए। सभी ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया। सरस्वती वंदना गीत गाकर गुरु पूर्णिमा पर्व को मनाया। वहीं गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर योग समिति शाहपुर के द्वारा आज विजय भवन शाहपुर में पर्व को मनाया गया।

### विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**बैतूल।** विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व भारतीय परंपराओं के अनुरूप श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और पूजन से हुई, तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ.विजय साबले, समिति सदस्य निर्गुण देशमुख, संजय बालापूरे, कमलेश गड़ेकर और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर कृष्ण खासदेव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। सदस्य निर्गुण देशमुख ने कहा कि गुरु का कार्य विषय का ज्ञान देने के साथ ही अपने विद्यार्थियों को नैतिकता और संस्कारों से जोडना भी है।

### भाजपा ने किया गुरुपूर्णिमा पर गुरुजनों का सम्मान

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार को गुरुपूर्णिमा का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी संगठनात्मक 30 मंडलो में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न क्षेत्र के गुरुजनों, सभी पंथ के साधु संतों, पुजारी एवं आचार्यो को वस्त्र, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से सम्मानित किया। सम्मान की इसी कडी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपने ग्रह नगर में स्कूली समय में उनके शिक्षक रहे के.के.चौबे, पटेल सर, कोरी सर, जयसिंगपुरे सर और ज्योतिषाचार्य पं.कांत दिक्षीत के निवास पहुंचे।

### गुरु पूर्णिमा पर्व पर गायत्री महायज्ञ

*मुलताई। ताप्ती तट पर स्थित गायत्री मंदिर में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर पांच कुंडिय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी यादोराव निंबालकर ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार के दिशा निर्देशों पर गायत्री परिवार के सैकड़ो भाई बहनों ने माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 एवं अखंड दीप के शताब्दी वर्ष 2026 के अनुयाज क्रम में गायत्री परिवार के सभी साधक भाई बहनों ने 40 दिवसीय गायत्री महामंत्र अनुष्ठान साधना के साथ गायत्री महामंत्र का नियमित जप करते रहने का संकल्प लिया। तत्पश्चात 5 कुंडिय यज्ञ में राष्ट्र के नव निर्माण ,सुख शांति समृद्धि के लिए आहुतियां समर्पित की गई ,द्यइस अवसर पर गुरु दीक्षा संस्कार सहित पुंसवन ,विद्यारंभ संस्कार करवाए गए,एवं जिन भाई बहनों ने गुरु दीक्षा ,पुंसवन संस्कार करवाएं उन भाई बहनों को पर्यावरण संरक्षण हेतु आम,जाम,आंवले के फलदार पौधे भेंट किए ।*

### सारनीः बीएलओ प्रशिक्षण आयोजित

## दायित्वों का निर्वहन नहीं करने वाले बीएलओ पर होगी कार्यवाहीः कलेक्टर



**बैतूल।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में आमला विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-130 (अ.जा.) अंतर्गत बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को नगर पालिका परिषद सारनी के सभागार में आयोजित किया गया। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी शैलेन्द्र बड़ौनियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आमला सहित सभी बीएलओ उपस्थित रहें। यह प्रशिक्षण मतदान केन्द्र क्रमांक 51 से 97 तक के बीएलओ के लिए द्वितीय बेंच के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सतीश साहू, दिलीप कुमार हाथिया एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर रामप्रसाद जौंजारे, मनोज कुमार बनकर द्वारा बीएलओ को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संतोष पधौरिया की उपस्थिति रही। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को निष्ठापूर्वक कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ आपसी समूह बनाकर कठिन प्रश्नों का अभ्यास करें एवं अपने कार्य को त्रुटिरहित बनाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो बीएलओ अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक से नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) श्री बडोनिया एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आमला द्वारा बीएलओ के कर्तव्य, संविधान की धाराएं एवं निर्वाचन कार्य से संबंधित सम्पुर्ण जानकारी से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बीएलओ को निर्वाचक नामावली के त्रुटिरहित बनाने के निर्देशों में निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, घर-घर जाकर सर्वे कर निर्वाचक की जानकारी का सत्यापन करना, मृत, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि की जानकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, बूथ लेवल एजेंट से समन्वय, फार्म-6, 7 व 8 एवं बीएलओ एप आदि के संबंध में बारीकियों से अवगत कराया गया। साथ ही प्रशिक्षण में प्रातः 9 बजे से पंजीयन कार्य, किट वितरण किया गया।

#### पांच चरणों में बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

प्रथम चरण में बीएलओ को संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। द्वितीय चरण में बीएलओ की जिम्मेदारियां, रोल-प्ले, बीएलओ ऐप, वीएचए ऐप तथा फार्म-6, 6ए, 7, 8 भरने का अभ्यास कराया गया। साथ ही एसआईआर विशेष गहन परीक्षण की प्रक्रिया समझाई गई। तृतीय चरण में भरे गए फार्मों का मूल्यांकन कर त्रुटिरहित कार्य का अभ्यास कराया गया। चतुर्थ चरण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध ई-मूल्यांकन लिंक के माध्यम से समस्त बीएलओ का मूल्यांकन किया गया। पांचवा चरण में बीएलओ को वीडियो क्लिप, दुविधा निवारण एवं अनुभव साझा करते हुए प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया।

### मधुमक्खियों के छत्तों से जनसुरक्षा पर संकट

## भवनों तथा जल-टंकियों पर छत्ते न रहे, कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**बैतूल।** बैतूल जिले में होटलों, ऊंची इमारतों, जल-टंकियों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर मधुमक्खियों के छत्ते लगातार पाए जाने से अप्रिय दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखते हुए बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले के समस्त होटल संचालकों, ऊंची इमारतों के प्रबंधकों, शासकीय एवं अशासकीय भवनों के जिम्मेदारों तथा जल-टंकियों के प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे सुनिश्चित करें कि उनके परिसरों में मधुमक्खियों के छत्ते न हों। यदि छत्ते लगे पाए जाएं, तो उन्हें मान्यता प्राप्त मधुमक्खी नियंत्रण विशेषज्ञों अथवा नगर पालिका या फायर ब्रिगेड विभाग की सहायता से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए हटवाया जाए। आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि मधुमक्खियों के छत्ते हटाने की प्रक्रिया के दौरान स्थानीय नागरिकों को अग्रिम सूचना दी जाए और समुचित सावधानियां बरती जाएं ताकि किसी को कोई नुकसान न पहुंचे। साथ ही हटाए गए छत्तों के अवशेषों को भी उचित तरीके से नष्ट करना अनिवार्य होगा, जिससे मधुमक्खियां दोबारा आकर्षित न हों। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने समस्त नगर पालिकाओं, नगर परिषदों एवं ग्राम पंचायतों को क्षेत्रों में इस दिशा में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। संबंधित भवन स्वामियों को आवश्यक निर्देश भी दिए जाएंगे।

## ओबीसी महासभा ने जातिगत जनगणना के लिए आरक्षण में उठाईं 17 सूत्रीय मांगें

### सौंपा ज्ञापन, मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी




**बैतूल।** ओबीसी महासभा ने गुरुवार 10 जुलाई को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित अन्य जिम्मेदार पदाधिकारियों के नाम जिला प्रशासन को 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ओबीसी समाज के हक और अधिकारों को लेकर कई अहम मांगें उठाई गईं। ज्ञापन में सबसे अहम मांग यह की गई कि वर्ष 2027 की होने वाली सामान्य जनगणना में जातिगत जनगणना का कॉलम जोड़ा जाए ताकि ओबीसी वर्ग की वास्तविक जनसंख्या और स्थिति सामने आ सके। साथ ही देश में एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के लिए शासकीय विभागों में लगभग 70 लाख रिक्त पदों की बैकलॉग भर्ती शीघ्र की जाए। मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग के लिए जो 13%पदों को होल्ड पर रखा है, उन्हें अनहोल्ड कर 27% आरक्षण लागू करते हुए चयनित अभ्यर्थियों को तत्काल नियुक्त किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष नरेश मालवीय के नेतृत्व में ओबीसी महासभा के जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सोनी, महिला जिला अध्यक्ष अंजू यादव, सदन कुरावले और सतीष उइके शामिल रहे।

### अधूरी सड़क पर टोल वसूली जारी, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, पहुंचे एसडीएम

## कुंडी टोल प्लाजा पर अवैध वसूली के खिलाफ धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर/भौरा

कुंडी टोल प्लाजा को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। अधूरी सडक़ और अधूरी सुविधाओं के बावजूद लगातार की जा रही टोल वसूली को लेकर दो दर्जन ग्रामों के ग्रामीणों ने टोल प्लाजा पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने एनएचएआई अधिकारी और एसडीएम को ज्ञापन दिया। प्रदर्शन की जानकारी लगते ही मौके पर एसडीएम डॉ अभिजीत सिंह, तहसीलदार टी विश्के, एसडीओपी मयंक तिवारी, नेशनल हाईवे के



अधिकारी, थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर एवं शाहपुर, बीजादेही, चोपना और सारणी का पुलिस बल बड़ी संख्या में उपस्थित था। एसडीएम डॉ अभिजीत सिंह ने ग्रामीणों को समझाया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि उनकी मांगों के संबंध में हाईवे के उच्च अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। धरना प्रदर्शन के दौरान एक दिव्यांग ड्राइवर ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि वह एक ऑटो चालक है। टोल कर्मियों द्वारा ऑटो चालक से भी टोल की वसूली की जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि जब तक नेशनल हाईवे पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक टोल टैक्स नहीं लिया जाए। बरेठा घाट पर जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं। हाईवे पर सर्विस रोड, पेड-पौधे, सांकेतिक बोर्ड तक अभी नहीं लगे हुए हैं।

इटारसी से लेकर बैतूल तक छोटी-बड़ी पुल एवं पुलियाएं अधूरी है, जिन्हें तत्काल पूरा किया जाए। ग्राम पंचायत कुंड के सरपंच वीरेंद्र ऊईके का कहना है कि टोल प्लाजा कुंडी ग्राम पंचायत में आता है और पेसा एक्ट लागू है, इसके बावजूद टोल प्लाजा लगाने के संबंध में कोई अनुमति ग्राम पंचायत से नहीं ली गई।

### तवा में जलस्तर बढ़ा, डूबी मोटर-स्टार्टर, दो बोरवेल लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था नहीं

## माता मोहल्ला 5 दिन से प्यासा, अब दो दिन पूरी ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरा

नगर में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। जहां माता मोहल्ला के लोग बीते पांच दिनों से नल जल योजना की आपूर्ति बंद रहने के कारण भारी परेशानी झेल रहे हैं, वहीं अब पिछले दो दिनों से पूरे नगर की जल आपूर्ति भी पूरी तरह ठप हो चुकी है।

नगर की जल सप्लाई व्यवस्था तवा नदी से संचालित होती है, लेकिन बीते दो दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे मुख्य मोटर और स्टार्टर पानी में डूब गए। परिणाम स्वरूप दो दिन से नगर के सभी वार्डों में नल जल आपूर्ति पूरी तरह बंद है। माता मोहल्ला के निवासी



पहले से ही जल संकट से जूझ रहे हैं। यहां बीते पांच दिनों से पाइपलाइन लीकेज के कारण जल आपूर्ति पूरी तरह बंद है। मोहल्ले की आबादी लगभग 100 से अधिक परिवारों की है, जो लगातार पंचायत से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुधार कार्य नहीं शुरू किया गया। अब जबकि पूरे नगर की सप्लाई भी बंद हो गई है, तो माता मोहल्ला की स्थिति और बदतर हो गई है। मोहल्लेवासी बर्तन रखकर बारिश का पानी जमा कर रहे हैं और उसी से स्नान, बर्तन और निस्तार के अन्य कार्य कर रहे हैं।

#### बोरवेल हैं, फिर भी नहीं हो रही जल आपूर्ति

भौरा नगर पंचायत क्षेत्र में दो बोरवेल भी मौजूद हैं, जिनका उपयोग आपात स्थिति में जल आपूर्ति के लिए किया जा सकता था, लेकिन अब तक पंचायत द्वारा इन बोरवेल के माध्यम से किसी तरह की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। माता मोहल्ला की निवासी सरिता, गोलू और विद्या बाई ने बताया कि, न तो लीकेज सुधारा गया, न टैंकर आया, और अब तो बाकी मोहल्लों की भी सप्लाई बंद हो गई है।

**इनका कहना है**

*तवा नदी में पानी अधिक हो जाने से मोटर और स्टार्टर डूब गए हैं। माता मोहल्ला की पाइपलाइन लीकेज को भी देखा जा रहा है। दोनों समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा।*

*-मीरा धुर्वे, सरपंच, ग्राम पंचायत भौरा*

### मुलताई के 6 किसानों को मिलेंगे फसल बीमा के साढ़े तीन लाख

**बैतूल।** मुलताई तहसील के ग्राम सावंगी, चिखलीकला, सोंडिया, सोनोरी व टेमझीरा-अ के 6 किसानों को फसल बीमा राशि के साढे तीन लाख रूपये का भुगतान स्टेट बैंक मुलताई, बैंक ऑफ महाराष्ट्र को सहकारी बैंक खेड़ीकोर्ट द्वारा करने के आदेश उपभोक्ता आयोग बैतूल के द्वारा दिया गया है। यह आदेश उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय व माननीय सदस्य चन्द्रशेखर माकोड़े द्वारा दिया गया है। एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि बैंकों द्वारा किसानों का पटवारी हल्का नंबर व कृषि से संबंधित राजस्व दस्तावेजों की जानकारी पोर्टल पर सही दर्ज नहीं करने के कारण इन किसानों को फसल बीमा राशि नहीं मिली थी, उपभोक्ता आयोग बैतूल में प्रकरण दर्ज करने के बाद आयोग द्वारा दिये गये आदेश के अनुसार किसानों को अपनी बीमा राशि बैंकों से मिलेगी। आयोग के आदेश के बाद बैंक ऑफ महाराष्ट्र मासोद द्वारा सावंगी के महादेव दौलत घोडक़ी को 1 लाख 16 हजार 171 रू, सहकारी समिति साबड़ी सहकारी बैंक खेड़ीकोर्ट द्वारा ग्राम सोनोरी के भीमराम सोनू धोटे को 50 हजार 179 रू तथा उमराव सखाराम पाण्डेय (कुन्बी) 62 हजार 527 रू., ग्राम टेमझीरा-अ के रामा गेंदू बारस्कर को 70 हजार 368 रू. दिये जाएंगे।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

### एक्सीडेंट में घायल की मौत, परिजनों ने दयाल अस्पताल पर लगाया आरोप


# नीरज की मौत, अस्पताल की लापरवाही और आर्थिक शोषण का परिणामः परिजन

पैर की हड्डी टूटे मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई और अस्पताल लाखों रुपए परिवारजनों से ऐंठता रहा। मामले का खुलासा तब हुआ जब परिवारजन मरीज को भोपाल के एक निजी अस्पताल ले गए और वहां उन्हें पता चला कि मरीज की मौत 24 घंटे पहले ही हो गई है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गब्बर इज़ बैक फिल्म का वह चर्चित दृश्य जिसमें अभिनेता अक्षय कुमार मृत शरीर को अस्पताल लेकर जाते है और अस्पताल द्वारा पैसे ऐंठने के लिए मृतक के इलाज करने का ढोंग किया जाता है। यह दृश्य तो फिल्मी था लेकिन ठीक ऐसा ही एक दृश्य इटारसी में बीते दिनों देखने को मिला है। जहां पैर की हड्डी टूटे मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई और अस्पताल लाखों रुपए परिवारजनों से ऐंठता रहा। मामले का खुलासा तब हुआ जब परिवारजन मरीज को भोपाल के एक निजी अस्पताल ले गए और वहां उन्हें पता चला कि मरीज की मौत 24 घंटे पहले ही हो गई है। जी हां, हम बात कर रहे है हमेशा अपनी कारगुज़ारियों और लूटपाट भरे इलाज से चर्चाओं में बने रहने वाले दयाल मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की।



पुरानी इटारसी कांवड़ मोहल्ला निवासी नीरज पिता धनपाल राजपूत का 4 जुलाई शुक्रवार की सुबह एक्सीडेंट हुआ था। रात में करीब साढ़े 10 बजे परिजनों ने हड्डी में दर्द होने के चलते नीरज को दयाल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉ महिपाल ने उन्हें बताया कि नीरज के पैर की हड्डी टूटी है, डरने की बात नहीं है। अगले दिन शनिवार-रविवार होने के चलते सोमवार को ऑपरेशन किया जाएगा। नीरज के बड़े भाई गोपाल सिंह राजपूत ने हरिभूमि को बताया कि अगले दिन शनिवार सुबह 9 बजे ही परिजनों को फोन आया कि नीरज का ऑपरेशन तुरंत करना पड़ेगा जल्द से जल्द 5 बॉटल ब्लड की व्यवस्था कीजिए। इसी दौरान उनसे एक लाख रुपए भी जमा करा लिए और ऑपरेशन कर दिया गया। ओर तो ओर यह कहा गया कि 5 दिन देखते है नहीं तो पैर हटाने की स्थिति भी बन सकती है। इस दौरान तक भी अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से कहा कि डरने की कोई बात नहीं है। नीरज के ऑपरेशन के लिए दयाल अस्पताल ने स्किन संबंधित डॉक्टर दाभोलकर को भी बुलाया गया था। नीरज के इलाज के दौरान करीब 13 बॉटल ब्लड अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से मंगवाया। दो दिन में 13 बॉटल ब्लड लगना अपने आप में एक आश्चर्यजनक एवं संदेहास्पद बात है। खैर जब भर्ती होने के तीन रात - दो दिन बीतने के बाद 7 जुलाई सोमवार तक नीरज को न ही होश आया और न ही उसकी हालत में सुधार हुआ तो परिजनों ने उसे भोपाल बड़े अस्पताल ले जाने की जिद पकड़ ली। एंबुलेंस के जरिए परिवार के लोग नीरज को भोपाल के अपोलो सेज हॉस्पिटल लेकर गए जहां पहले ही डॉक्टरों ने परिवारजनों के जोर देने पर नीरज को भर्ती किया लेकिन वेंटिलेटर और उच्च चिकित्सकीय सहायता के बाद भी नीरज की हालत में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथ ही परिवार जनों के सामने इस बात पर संदेह भी जताया कि नीरज की मौत करीब 24 घंटे पहले हो चुकी है। यही से परिवारजनो को दयाल अस्पताल द्वारा उनके साथ की गई धोखाधड़ी और नीरज की मृत्यु में हत्या का संदेह हुआ। परिवारजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से नीरज की जान गई है।

**नागरिकों ने कहा...अपनी कारगुज़ारियों और लूटपाट भरे इलाज से चर्चाओं में बने रहने वाले दयाल मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की**

### सोशल मीडिया बोला दयाल अस्पताल से रहे सावधान

नीरज की मौत के मामले ने शहर में तूल पकड़ लिया है। सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुपों से लेकर फेसबुक और इंस्टाग्राम के हजारों फॉलोवर्स वाले एकाउंट पर बॉयकॉट दयाल अस्पताल ट्रेंड कर रहा है। नीरज के मामले के साथ साथ ही कुछ ओर मरीज सामने आकर आरोप लगा रहे है कि उनके साथ भी पूर्व में अस्पताल में इसी तरह के घटनाएं हो चुकी है। सोशल मीडिया पर दयाल अस्पताल को यूजर्स द्वारा हत्यारा अस्पताल तक के पोस्ट ओर कमेंट्स किए जा रहे है। साथ ही लोगों को अस्पताल के इलाज में सावधानी बरतने ओर सूझबूझ रखने की सलाह भी दी जा रही है।

### कार्यवाही के लिए करणी सेना और राजपूत समाज मैदान में

गुरुवार को करणी सेना और राजपूत समाज ने नीरज की मौत के मामले में दयाल अस्पताल पर कार्यवाही के लिए बड़ी संख्या में सिटी थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। साथ ही तीन दिन बाद अस्पताल ओर थाना घेराव की बात भी कही गई है। उन्होंने कहा कि आगे किसी भी मरीज के साथ इस तरह की घटना घटित न हो इसलिए निष्पक्ष जांच ओर कार्यवाही आवश्यक है।

### इलाज के नाम पर दो दिन में ढाई लाख रुपए से अधिक का व्यय

मृतक नीरज राजपूत के भाई गोपालसिंह राजपूत ने हरिभूमि को बताया कि भर्ती होने के बाद दो दिनों के अंदर दयाल अस्पताल ने करीब ढाई लाख रुपए से अधिक की राशि इलाज के नाम पर वसूली है। जिसमें 136700 रुपए करीब का अस्पताल का बिल, 1 लाख रुपए से अधिक की दबाई, गोली, मेडिकल एसेसरीज और अन्य खर्चे। साथ ही 11 हजार रुपए करीब की 13 बॉटल ब्लड जिसका व्यय उन्होंने अलग से किया था। इतनी राशि के बिल मृतक नीरज के परिजनों के पास मौजूद है।

### खबर का उद्देश्य नीरज को मिले न्याय

खबर में लिखे सभी आरोप मृतक नीरज राजपूत के परिवारजनों ने दयाल अस्पताल प्रबंधन पर लगाए है। अंततः एक नौजवान युवक की मौत हुई है जिसके सामने सुनहरा भविष्य था। पैर की हड्डी टूटने से मौत होना अपने आप में संदेहास्पद बात है। हालांकि हरिभूमि इन आरोपों के सही होने का दावा नहीं करता है। परंतु मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर कार्यवाही हो और नीरज को न्याय मिले यही इस खबर का अंतरिम उद्देश्य है।

### दयाल अस्पताल प्रबंधन का पक्ष

एक मीडिया संस्थान को दिए बयान में अस्पताल संचालक डॉ अचलेश्वर दयाल ने बताया कि कार दुर्घटना में युवक के पैर की हड्डी टूट गई थी। कार के नुकीले हिस्से की वजह से उसकी रक्त सप्लाई वाली मुख्य नस कट गई थी। हमने पहले उसका रक्तस्राव कम करने की कोशिश की थी। उसका बीपी कम हो रहा था। उसकी जब पट्टी खोली गई तो खून का फव्वारा छूटा तब हमने उसे खून चढ़ाया। उसकी स्थिति हमारे और परिजनों के सामने ही बिगड़ने लगी थी और बीपी व पल्स नीचे जा रहे थे तब हमने उसे वेंटिलेटर पर ले गए थे। युवक को बाईपास नस लगाई गई थी मगर वह पहले ही शॉक में चले गया था जिससे उसे मल्टी ऑर्गन फेलियर हो गई था जिससे वह रिकवर नहीं हो पाया था। हमने परिजनों को बोला था कि आप अगर उसे ले जाना चाहते हैं तो ले सकते है मगर वह 20 मिनिट से ज्यादा नहीं ठहर पाएगा तब परिजनों ने कहा था कि आप ही देखें। हमारे पास परिजनों की सहमति और हर दिन की रिकॉर्डिंग भी है। अस्पताल में 24 घंटे पहले मौत होने की जो बात कही जा रही है वह भी गलत है क्योंकि जब उसे भोपाल ले जाया जा रहा था तब भी वह जीवित था और भोपाल के अस्पताल में पहुंचने के बाद भी जीवित था। हमारे पास भोपाल के अस्पताल की सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग भी आ गई है। कुल मिलाकर हमारा कहना यही है कि हमने मरीज की जान बचाने की पूरी कोशिश की थी। अगर जांच होती भी है तो हम सारे तथ्य सामने रखेंगे।

### घटना में आमजनो के लिए सीख

इस पूरे घटनाक्रम से नागरिकों को यह सीख लेनी चाहिए कि अस्पताल ओर डॉक्टर भले ही भगवान का स्वरूप माने जाते है और प्रतिदिन हजारों लाखों जान बचाते है।

लेकिन इसके विरोधाभास उदाहरण भी दुनिया में बड़ी संख्या में मौजूद है। लोगो को यह चाहिए कि इस तरह की घटना - दुर्घटना में संयम से काम लें। अगर किसी अस्पताल या डॉक्टर की कार्यप्रणाली पर संदेह है तो अतिरिक्त सलाह अवश्य लें। भरोसा अच्छी बात है परंतु अंधा भरोसा कई बार दुखदाई होता है और मेडिकल क्षेत्र में तो इसका हर्जाना कई बार अपने प्रियजन की मौत तक से चुकाना पड़ता है। साथ ही जिस अस्पताल में जा रहे है उसका पब्लिक फीडबैक ओर पूर्व मरीजों के अनुभव जरूर सुने।

## उखड़ने लगी थी रेलवे स्टेशन-लोनिवि रेस्ट हाउस सड़क



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में रेलवे स्टेशन से लोनिवि रेस्ट हाउस तक डामर रोड बनाई गई थी। यह रोड नप व लोनिवि ने बनाई। लेकिन निर्माण पूर्णता के कुछ माह बाद ही रोड उखड़ने से नागरिक परेशान हुए। अब पिछले तीन दिनों की बारिश ने रोड को और अधिक खस्ताहाल कर दिया है।

नागरिकों ने बताया कि तीन दिनों में क्षेत्र में काफी तीव्र बारिश हुई जिसके कारण खस्ताहाल सड़क अब और अधिक खराब हो गई है। बरसात ने रोड निर्माण में बरती गई लापरवाही की पोल खोलकर रख दी है। साथ ही पोल खुली है नगर प्रशासन की व्यवस्था की भी। जिसमें ठेकेदारों द्वारा किए गए घटिया कार्यों पर भी ज़िम्मेदार लोगों ने आंखें मूंद रखी थीं। नागरिकों के अनुसार रोड की क्षति बढ़ती जा रही है। नप सूत्र बताते हैं कि ठेकेदार ने रोड के निर्माण दौरान लापरवाही की गई थी व तब लोगों ने शिकायतें भी की थी। लेकिन इसके बाद भी गैर ज़िम्मेदार हो चुके सिस्टम ने ध्यान नहीं दिया व रोड गुणवत्ता विहीन बनी। नागरिकों की मांग है कि रोड ठेकेदार को किए गए भुगतान की जांच कलेक्टर व विधायक कराएं। तथा लापरवाह व्यवस्था तथा ठेकेदार पर कार्रवाई कराएं। बता दें कि इस रोड से लगे बड़े-बड़े अधिकारियों के शासकीय आवास व शासकीय कार्यालय स्थित हैं। जिनकी आंखों के सामने गड़बड़ी हुई और वे भी खामोश रहे। जनता की मांग है कि लापरवाह ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए।

### अनुभवी टीचर्स की अनदेखी, पसंदीदा दुकान से स्टेशनरी खरीदने दबाव बनाने की शिकायत

**इटारसी।** नयायार्ड क्षेत्र में संचालित डब्ल्यूएसएससी स्कूल प्रबंधन की कथित मनमानी और टीचर्स की नियुक्ति में अनुभवी शिक्षकों की अनदेखी करने की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी को की गई है। इससे पूर्व यही शिकायत डीआरएम को भी की गई है। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी के पूर्व महामंत्री विनोद बारसे और जितेन्द्र महिरे ने कहा कि नर्सरी से आठवी तक के स्कूल की शिकायत के बाद आनन-फानन में आठ टीचर्स को तो बुला लिया, लेकिन चार ऐसे शिक्षकों की अनदेखी कर दी जिनके पास 18, 16 और छह-छह वर्ष का अनुभव है। इन टीचर्स की अनदेखी इसलिए की गई है, क्योंकि इनमें से कुछ ने वेतन वृद्धि के लिए प्राचार्य के समक्ष अपनी बात रखी थी, जिससे प्रबंधन नाराज है। शिकायत में प्रबंधन पर अपनी पसंद की दुकानों से स्टेशनरी खरीदने का दबाव बनाने का जिक्र भी किया है।

## जल भराव से परेशान नागरिकों ने प्रशासन को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद के राजीव गांधी वार्ड में भारतीय जनता पार्टी की पार्षद अरुणा जोशी चुनावजीती थी। उसके बादसे उनके द्वारा वार्ड वासियों की कोई खबर नहीं ली गई है। जिसका ताजा उदाहरण राजीवगाधी वार्ड में नाले के पास बनी मकान में भारी बरसातहोने से तथालंबे समय से नालोंना होने के कारण बरसात कापानी ओवरफ्लो होकरलोगों के घरोंमे जा रहा है। लोगों के दरवाजों पर कीचड़ मची हुई है कोई कोईरास्ता भी दिखाई नहीं दे रहा है। इसी तरह से राजीवगाधी वार्ड काहिस्सा जो वन विभागके पीछे का जुड़ा हुआहै पुरोहितगार्डन के सामने कॉलोनाइजर कलीराम रघुवंशीके द्वारा कालोनी काटी गई थी जहां पर सड़क नाली बिजली पानी की कोई व्यवस्था कालोनायजर के द्वारा नहींथी। उसके बादभी कॉलोनी कटदी गई प्लाट बेच दिए गए जो आज भी बेची जा रहे हैं। जिसके कारण परेशान संजय दुबे अधिवक्ता केद्रारा वार्ड वासियों की सहमति से जनसुनवाई में आवेदन दिया गया। जिसमें बताया गयाहे कि बरसात काघरो के सामने पानी भरा हुआ है जिसके कारण जहरीले कीड़े मकोड़े निकल रहे है तथा मलेरिया एवं बीमारीहोने का डर बनाहुआ है। लगातार गंदगी फैल रहीहे आवेदक में रामकुमारसोनी पाराशर परिवार एवं तमाम कॉलोनी वासियों की हस्ताक्षर हैं। उन्होंने बताया कि उन लोगों केदारा नगर पालिका के सभी टैक्सोंका भुगताजा किया जा रहा है। फिरभी लोगों को कोईसुविधा नहीं दी जा रही है। पार्षक के द्वारा कभी वार्ड में आकर वार्ड वासियों की खबर नहीं ली जा रही है। इतनी भारी बरसाबादभी पार्षदके द्वारा आज दिनांक तक कोई सुद्ध नहीं लीहै। याद रहे कि यह पार्षद अध्यक्ष पद के लिए चुनावलड़े थे। लेकिन अध्यक्षना बनने के कारण अभी है पार्षद रह गए हैं। जो अपने वार्ड के काम के लिए नगर पालिकाकी बैठक मेंनहीं जाते हैं। नई बार्ड

मे काम कराई जा रहे हैं। इस बात को लेकर पार्षद अरुण जोशी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उनके द्वारा नगर पालिका परिषद में पूर्वमे आवेदन दिया गया है। नगर पालिका को कार्य करनाचाहिए। इस बारे में नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल से चर्चा गई तो तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। आपके माध्यमसे जानकारी मिली है।शीध्र ही कार्य कराया जाएगा।

### बिजली की बार-बार ट्रिपिंग से तंग हुए नागरिक

**सोहागपुर।** शहर व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की पिछले एक सप्ताह में बार-बार की ट्रिपिंग से नागरिक तंग आ चुके हैं। और अब नागरिकों में आक्रोश बढ़ रहा है। पिछले 10 दिनों में ऐसा कोई दिन नहीं गया जब चार से पांच बार शहर में बिजली ट्रिप ना हुई हो। मामले में नागरिकों का कहना है कि टाउन जेई विजय धुर्वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिनभर बिजली वितरण बंद कर सुधार का संदेश देते हैं। लेकिन कई बार ये संदेश दिन में अत्यधिक हो जाते हैं और बिजली की बार-बार ट्रिपिंग होती है। जिसके कारण नागरिक बहुत परेशान हो चुके हैं।

## नगर परिषद सीएमओ ने किया बाजार का निरीक्षण, व्यापारियों ने बताई समस्याएं

**बाजार व्यवस्थित करने में नवागत सीएमओ के समक्ष होंगी कई चुनौतियां**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा ने गत दिवस नगर के मुख्य बाज़ार का निरीक्षण किया। इस दौरान शर्माने श्यामाप्रसाद मुखर्जी काम्प्लेक्स, नप काम्प्लेक्स, गांधी चौक बाजार का निरीक्षण कर व्यापारियों से चर्चा की। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बाजार में दुकानों की स्थिति व व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान बाज़ार क्षेत्र के व्यापारियों ने काम्प्लेक्स सहित बाज़ार की समस्याओं से सीएमओ को अवगत कराया। व्यापारियों की समस्याओं पर सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने शीघ्र ही व्यवस्थाओं में सुधार लाने की बात कही। इस दौरान नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल एवं प्रभारी राजस्व निरीक्षक संजय परसाई उपस्थित रहे।

**बड़ी हैं चुनौतियां**

नवागत सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के सामने बाजार व्यवस्थापन में बड़ी चुनौतियां आना हैं। यदि शर्मा बिना दबाव के काम कर पाते हैं तो टीनशेड में दुकान आवंटन फाईल की जांचकर सही निर्णय लेना, श्रीराम चौक-कमानिया गेट तक अस्थाई बाजार व्यवस्थित करना, बाजार में पार्किंग प्लेस निर्धारित करना, चाट बाजार को निर्धारित स्थल मुर्गी बाजार शेड में पहुंचाना, सब्जी बाजार व्यवस्थित करना, हाट बाजार के दिन स्टेट हाईवे किनारे लगने वाली अस्थाई दुकानों को तय हद में लगवाना आदि इन चुनौतियों में शामिल हैं। मुखर्जी कांप्लेक्स में सुलभ कांप्लेक्स बना पाना भी शर्मा के लिए चुनौती होगी।

### पेंशनर्स वेलफेयर कार्यकारिणी पुर्नगठित

माखन नगर गुरुवार को पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन तहसील शाखा माखन नगर की बैठक आहूत की गई जिसमें संघ के अध्यक्ष आर एच चौरे द्वारा नवीन पेंशनर भगवान दास यादव का शाल श्रीफल साथी सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया और बैठक में नए सदस्यों को समाहित करते हुए नवीन कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया आज की बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित आर एच चौरे तहसील शाखा अध्यक्ष, प्रदीप मिश्रा हरिओम मालवीय महेश वर्मा शहदावत ध्रुव तिवारी द्विवेदी रामनाथ नागोरिया जगदीश अहिरवार मनोहर शर्मा एवं अन्य पेंशनर्स साथी उपस्थित थे। पेंशनर संघ की नवीन कार्यकारी में सर्वसम्मति से महेश वर्मा को पेंशनर संघ का संरक्षक हरिओम मालवीय को पेंशनर संघ का सचिव एवं रामनाथ नागोरिया को उपाध्यक्ष (उत्सव एवं धर्मस्य) अमृतलाल मीणा को कोषाध्यक्ष और प्रदीप मिश्रा को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

## भाजपा आरी मंडल ने गुरुजनों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

भाजपा आरी मंडल ने गुरुजनों का सम्मान किया। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आरी भाजपा मंडल के शुक्रवाडा फॉर्म स्थित मां काली मंदिर फार्म पर गुरुजनों का सम्मान किया गया। मंडल अध्यक्ष विपिन यादव ने बताया गुरु पूर्णिमा के पावन पर मंदिर के पुजारी गुरु भगवती प्रसाद तिवारी का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया एवं उपस्थित सभी पार्टी के पदाधिकारी ने गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किय।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामे भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष फूलचंद यादव जनपद उपाध्यक्ष लालचंद यादव मंडल अध्यक्ष विपिन यादव मंडल उपाध्यक्ष विनय यादव मंडल में मंत्री मदन शर्मा ओमप्रकाश यादव बूथ अध्यक्ष दिलीप परते अनिल कहार गेंदालाल तोमर अनिल साहू उपस्थित रहे।

**सेमरी हरचंद में मनाया गया गुरू पूर्णिमा का पर्व**

# नगर में अनेक स्थानों पर हुआ गुरु पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद




गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर में अनेक स्थानों पर गुरु पूजन किया गया सांगा खेड़ा रोड स्थित खेड़ापति देवी धाम मंदिर मैं आरएसएस के कार्यकर्ताओं भगवा ध्वज का पूजन और यह जीवन समर्पित के भाव से किया गया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला शारीरिक प्रमुख अजय नागवंशी ने अपने उद्बोधन में बताराष्ट्रीय स्वयंसेयंक संघकी स्थापना सन 1925 में हुई परंतु संघद्वारा प्रथम बार गुरु पूजन सन 1928 में व्यास पूर्णिमा के दिन से भगवा ध्वज को गुरु के रूप में मानकर गुरु पूजन प्रारंभ हुआ भगवा ध्वज को ही संघ ने गुरु की मान्यता देने का कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि भागवत ध्वज प्राचीन कालसे ही सनातन धर्म का वाहक है तथा ऋषि मनीषियों के त्याग का प्रतीक है एवं भगवा रंग नवीन ऊर्जा का संचार करने के साथ कभी छेड़ ना होनेवाला तत्व हैं इसलिए भगवा ध्वज को संघ ने गुरु के रूप में माना है एवं संघ की शाखा से लेकर सभी कार्यक्रम में संघ के सयंसेवक भगवा ध्वज को प्रणाम कर समस्त कार्य करते हैं। कार्यक्रम में आरएसएस के खंड संघ चालक संदीप महेश्वरी समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे। स्टेशन रोड स्थित दादा धूनी वाले की मढिया पर ग्राम वासियों दादाजी की पूजन हवन पश्चात प्रसादी वितरण कर गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। एवं गायत्री परिवार द्वारा नगर के गायत्री मंदिर में गायत्री मंत्र के उच्चार के साथ हवन कर पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता जी का पूजन कर गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवंदन कार्यक्रम किया गया सरस्वती पूजा वंदना के बाद गुरु वंदना हुई। इसके बाद अतिथियों का सम्मान किया गया। संस्था के सभी शिक्षकों ने बहुत ही रोचक तरीके से गुरु पूर्णिमा के महत्व को बताया। मुख्य अतिथि मालकजी पटेल मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नर्मदापुरम ने गुरु की महिमा के ऊपर प्रकाश डाला।

### स्कूलों में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**पिपरिया।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी सरकारी स्कूलोंमे भारतीयसंस्कृति वह संस्कारोंके ज्ञान सेशिष्यों को उज्जवल भविष्य के लिए उज्जवल पथ पर अग्रसर करने वाले शिक्षा विभागके सभीशिक्षक के दरा गुरुपुर्णिमा महोत्सव सभीस्कूलों में बड़ेधूमधाम से मनाया गया बताया जाताहै भगवान शंकर पार्वती जी से कहते हैं की देवी गुरुद्वारा प्रदर्शित पथ में शोधकरें तथाजो आत्म इंद्रिय विषय हैं उन्होंने अनित्य का खंडन करें जब तक देहांत नहीं होता तब तक शिष्य का कर्तव्य की वह गुरु कानिरंतर स्मरणकरे गुरु मात्र शरीरधारी पुरुष नहीं बमहिमा साम दाम त्याग श्रद्धा समाधान जैसी संपदाओं सेबंदनी है। भगवान राम केगुरू वशिष्ठ कृष्णाके गुरु सांदीपनि अर्जुन के गुरु शिष्य कृष्ण नचिकेता केगुरु यमराज जनक केगुरु अष्टावक्र शंकराचार्य गुरु गोविंद पदआचर्य इस तरह से अनेक गुरुओं की महिमा का बखान किया गया गुरु शिष्य की ज्योतिको प्रज्वलित किया गया।

## स्थानांतरित हुए पुलिस कर्मियों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

सोहागपुर थाना पभारी कंचनसिंह ठाकुर के स्थानांतरण के बाद सोहागपुर से थाने से अपने नवीन पदभार ग्रहण करने जाने पर स्थानीय पुलिस चौकी सेमरी हरचंद की पुलिस कर्मियों के आग्रह पर थाना पभारी श्रीमती ठाकुर पुलिस चौकी आई जहां सहायक उप निरीक्षक नरेश रघुवंशी सहायक उप निरीक्षक नरेश सातनकर नवागत प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक अतुल शर्मा एवं पुलिस चौकी समस्त पुलिस कर्मियों समेत ग्राम वासियों ने थाना प्रभारी पर पुष्प वर्षा की एवं ढोलबाजों के साथ थाना प्रभारी को विदाई दी स्थानीय पीपल चौक पर भी थाना पभारी कंचन सिंह ठाकुर का नागरिक अभिनंदन कर विदाई दी।

**पौधरोपण किया।** सीहोर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सीहोर द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान के अंतर्गत मंदिर प्रांगण व शमसान भूमि में 21 पौधे रोपे गए।

**आम सूचना**

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनिय नगर/ इंदिरा कालोनी में भवन LIG-SF 02 श्री नितिन चौरसिया पिता श्री रमेशचन्द्र चौरसिया के नाम पालिका अभिलेखों में दर्ज हैं, श्री पुलकित जैन , राबिन जैन, पिता गोपाल जैन आपने नाम नामान्तरण कराना चाहते है । उक्त भवन का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अघोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय नगर पालिका परषिद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी अपत्ति दर्ज करवा सकते है । यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई अपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकरी
नगर पालिका परिषद इटारसी**

## खबर संक्षेप



### मुरुम के अवैध उत्खनन में शामिल डंपर जब्त

**हरदा।** जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम की कार्यवाही जारी है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि गुरूवार को खनिज विभाग के दल ने ग्राम हीरापुर मे खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच की। जांच के दौरान पोकलेन मशीन द्वारा मुरम का अवैध खनन किया जाना पाया गया। जांच के समय मौके पर डम्पर नम्बर एमपी 08 जीए 2799 मुरम से भरा पाया गया, जिसे जप्त कर थाना हंडिया में खड़ा किया गया है। प्रकरण मे गौण खनिज नियमों के तहत कार्यवाही प्रस्तावित जावेगी।

### आज से 11 अगस्त तक होंगी गतिविधियां

**हरदा।** प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस हेल्दी टाइमिंग एण्ड स्पेसिंग बिटविन प्रेग्नेंसीस फॉर प्लान्ड पेरेन्टहूड की थीम पर मनाया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष 11 जुलाई से 11 अगस्त के मध्य विश्व जनसंख्या दिवस अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 11 जुलाई से 11 अगस्त तक जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी। इस हेतु जिला चिकित्सालय में 11 जुलाई से प्रतिदिन नसबंदी शिविर लगाया जाएगा।

### 24 घंटों में जिले में 45.6 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 45.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 69.9 मि.मी., टिमरनी में 16.2 मि.मी., खिरकिया में 87.7 मि.मी., सिराली में 12.2 मि.मी. तथा रहटगांव में 52 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 392.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 350.8 मि.मी., टिमरनी में 478.8 , खिरकिया में 496.3, सिराली में 330.6 तथा रहटगांव में 307.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 10 जुलाई तक 180.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### कल लाड़ली बहनों के खाते में आएगी राशि

**खंडवा।** लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को मिलने वाली मासिक आर्थिक सहायता राशि 12 जुलाई को उनके खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इस बार महिलाओं को रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा। सरकार द्वारा जुलाई माह की सहायता राशि के साथ-साथ 250 रुपए की विशेष सहायता भी अंतरित की जाएगी। इस योजना का सीधा लाभ प्रदेश की करीब 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को मिलेगा। योजना के अंतर्गत यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी।

### नागर ने 43.11 लाख रुपए की राशि भेंट की

**रहटगांव।** धनपाड़ा स्थित कामधेनु गोशाला को कथा वाचक पं. कमल



किशोर नागर ने 43.11 लाख रुपए की राशि भेंट की है। यह राशि गोसेवा के लिए भविष्यनिधि के रूप में दी गई है। हाटकेश्वर आश्रम सेमली धाम, जिला शाजापुर के पं. कमल किशोर नागर ने कथा सत्संग से प्राप्त धनराशि रहटगांव सेंट्रल बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में जमा कराई थी। यह राशि गोविंद प्रसाद पालीवाल, प्रेम नारायण शर्मा और राधेश्याम डूडी के नाम से गोशाला के खाते में जमा की गई। हाटकेश्वर आश्रम ने इस राशि को धनपाड़ा की कामधेनु गोशाला को सौंपने के लिए अक्षय तृतीया पर मौखिक और लिखित आदेश जारी किया था। 5 जुलाई को गोविंद प्रसाद पालीवाल के निवास पर गोशाला समिति की संयुक्त बैठक हुई।

## इस अवसर पर गुरु शिष्य परंपरा व गुरु के महत्व का उल्लेख किया गया

# गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया





**हरदा।** शहर के स्थानीय विद्यालय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में गुरु पूर्णिमा उत्सव के पावन पर्व पर दर्शन सिंह गहलोत उपाध्यक्ष जिला पंचायत हरदा एवं मुख्य वक्ता शिक्षक राजेंद्र मंडलोई एवं प्राचार्य ने मां सरस्वती व वेदव्यास की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सिंह गहलोद के द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया एवं गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता राजेंद्र मंडलोई द्वारा गुरु शिष्य परंपरा एवं गुरु के महत्व का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार यादव द्वारा गुरु शिष्य परंपरा का महत्व बताया गया। संस्था में कार्यरत संस्कृत विषय की उच्च माध्यमि शिक्षिका एवं जिला संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी हेमलता अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री गहलोत जी द्वारा छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्कूलों में मनाया गया गुरुपूर्णिमा उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

शासकीय बालक हायर सेकेन्ड्री एवं कन्या हाई स्कूल रहटगांब में हर्ष उल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्स्व मनाया गया। जिसमें मुख्य आतिथि के रूप में नगर के कथा बाचक नीरज महाराज को आमंत्रित कि या गया। जिसमें उनके द्वारा गुरु पूर्णिमां के सनातनी परम्परा के आध्यात्मिक और आधुनिक महत्व को बताते हुए कहा कि ज्ञान जन्मजात होता है। पर गुर ज्ञान की अपनी अलग महत्वता होती है। गुरु पूर्ण मां है अर्थाता मांता पिता एक पंख देते हैं तो सफलता की उड़ान के लिए दूसरा पंख हमे गुरु देता है। उन्होने अपने संवोधन में कहा कि गुरु शब्द का पहला प्रादुर्भाव भगवान आदि गुरु शिव के द्वारा हुआ। इस दौरान दोनों स्कूलो के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए स्टाप और बालक बालिकाऐ एवं समस्त विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर संकुल प्राचार्य सिद्धार्थ जोशी और स्कूल बालक हायर सेकेन्ड्री स्कूल रहटगांव के प्राचार्य मनोज मिन्च द्वाग सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## कलेक्टर, एसपी दिनभर मेले और मंदिर व्यवस्था की जायजा लेते रहे

# गुरुपूर्णिमा पर दादाजी धाम में दर्शन करने के लिए 3 लाख श्रद्धालु पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर खंडवा स्थित दादा धूनीवाले मंदिर में श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ उमड़ी। गुरुवार सुबह 5 बजे की आरती में ही 10 हजार से अधिक भक्त शामिल हुए, जबकि सुबह 6 बजे तक करीब 30 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। दोपहर 2 बजे तक यह आंकड़ा डेढ़ लाख को पार कर गया, और दिनभर चले दर्शन क्रम में कुल संख्या तीन लाख से अधिक रही। दर्शन व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम बनाया गया और पुलिस कंट्रोल रूम से भी पूरे आयोजन पर निगरानी रखी गई। मंदिर के पट 24 घंटे खुले रहे। गुरुवार को सुबह 9 बजे तक श्रद्धालुओं को मुख्य गेट से प्रवेश दिया गया, लेकिन भीड़ बढ़ने पर 6 नंबर गेट से भी एंट्री शुरू की गई। भक्तों को सीधे समाधियों पर प्रणाम करने की अनुमति दी गई, पर फूलमाला, नारियल और चादर चढ़ाने पर प्रतिबंध रहा। समाधियों पर प्रसादी चढ़ाने से सेवा व्यवस्था बाधित होती है, इसलिए इसे भी प्रतिबंधित किया गया। तीन दिवसीय महोत्सव के तहत दर्शन व्यवस्था में दो हजार सेवादारों को लगाया गया था। शहरभर में 500 से अधिक भंडारे लगाए गए, जहां निशुल्क नाश्ता और भोजन परोसा गया। हर भंडारे में अलग-अलग व्यंजन तैयार किए गए, कुल मिलाकर भक्तों को 56 प्रकार के व्यंजन परोसे गए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 850 पुलिसकर्मी, 13 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, जिलेभर के कोटवार, मुख्य चौराहों पर डीएसपी और टीआई स्तर के अधिकारी तैनात किए गए।

### मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

कलेक्टर ऋषव गुप्ता और एसपी मनोज कुमार राय ने दोपहर 2 बजे मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से दर्शन व्यवस्था की निगरानी की गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 80 वॉलंटियर्स ने भी सेवा कार्यों में भाग लिया। इन वालेंटियर्स को सीएसपी अभिनव बारंगे ने एंट्री गेट पर निर्देश दिए कि भक्तों से मधुर व्यवहार रखें और ईमानदारी से सेवा करें। वालेंटियर्स ने पेयजल वितरण और नारियल प्रसादी एकत्रीकरण की जिम्मेदारी संभाली। मंदिर परिसर और शहर में बड़े स्तर पर मेला लगा जहां दादा धूनीवाले के विशाल मेले में वत्सला विहार कॉलोनी द्वारा लगातार 15 वर्षों से श्रद्धालुओं के लिए आलू बड़े की प्रसादी का भव्य भंडारा लगाया जाता है। इस सेवा कार्य में कॉलोनी के सभी निवासी पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता निभाते हैं। इस बार की भंडारे की विशेष बात यह रही कि जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालते हुए वत्सला विहार के सेवा स्टाल पर पहुँचकर स्वयं प्रसादी वितरण किया।

### विधायक ने भंडारों का भ्रमण किया

एसपी मनोज कुमार राय ने जहां पूरे शहर की सुरक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रखी थी, वहीं उन्होंने वत्सला विहार के पांडाल पर श्रद्धालुओं के बीच पहुँचकर प्रसादी वितरण करते हुए गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। भंडारे में नगेंदर (नगिन) राठौर, गोपाल राठौर, मुकेश वर्मा, राहुल महानूर, मोनू जोशी, पीयूष बबरुले, अंकित महोदय, रामसिंग रावत, मोहन सिंग ,नेगी,संजय मौर्य सहित कॉलोनी के सभी लोग सेवा कार्य में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। वत्सला विहार की यह परंपरा शहर में सामूहिक सेवा और भक्ति भाव की मिसाल बन चुकी है। पंधाना विधायक छाया मोरे ने भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दादाजी धाम में आयोजित भंडारों का भ्रमण किया और वहां श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण कर पुण्य लाभ लिया। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर भक्तों से मुलाकात की और गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर विधायक ने आयोजन की सराहना की और जनसेवा को ही सच्ची भक्ति बताया। गुरुपूर्णिमा के इस आयोजन में खंडवा में अतिथि देवो भवः की भावना साकार होती नजर आई। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन, आवास और यातायात की सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क रहीं। प्रशासन ने पूरे आयोजन को सफल और सुरक्षित बनाने में पूरी तत्परता दिखाई।

## गुरुपूर्णिमा मनाई

# सदगुरु मुक्ति का साधन, मनुष्य जीवन में गुरु का महत्व अधिक



**झिरन्या।** सीमावर्ती ब्रह्मलीन संत लक्ष्मण चैतन्य बापू वृन्दावन धाम पाल के संत गोपाल चैतन्य महाराज ने कहा है कि जैसे सूर्यनारायण के उदय से अंधकार दूर हो जाता है,उसी तरह गुरु के ज्ञान के साधकों का अज्ञान एवं सांसारिक-मोह का अंधकार दूर हो जाता है। इसलिए मनुष्य-जीवन में गुरु का महत्व बहुत आवश्यक है,जिससे कि वह गुरु के ज्ञान को आत्मसात कर सके। वे गुरुपूर्णिमा के अवसर पर आश्रम में दूर दराज क्षेत्रों से आया साधक भक्तजनों को उपदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु भगवान से भी अधिक महत्वपूर्ण है। गुरु साधकों को मोक्ष का मार्ग दिखाकर तथा जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति दिलाकर उनकी सहायता करते हैं। पर्व की शुरुआत, प्रातः 5 बजे श्री हरि मंदिर में स्थित बापू के समाधि स्थल पर उनकी पादुका पूजन से की गई। इसके बाद भक्तों को गुरुदीक्षा दी गई और भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से मांस और मदिरा का स्थायी रूप से त्याग किया और गुरुदेव की भक्ति के मार्ग में प्रवेश कर चैतन्य-साधक बन गए। इस मौके पर बापू द्वारा स्थापित चैतन्य साधक समिति पुरस्कार प्रदान किया गया। अखिल भारतीय चैतन्य साधक परिवार के ग्राम, तालुका एवं जिला समितियों के सदस्य, जिनकी संख्या देशभर में लाखों में है, साथ ही पूर्णिमा व्रतधारियों, भक्ति सभा सदस्यों एवं ध्यान केन्द्र धारियों का वर्तमान संत गोपाल चैतन्य महाराज द्वारा अभिनन्दन किया गया।

### तीन सौ किमी पैदल आए श्रद्धालु

गुरु पूर्णिमा पर पाल वृन्दावन धाम में सद्गुरु संत लक्ष्मण चैतन्य बापूजी की समाधि के दर्शन के अवसर पर 9 जुलाई को खंडवा, मध्य प्रदेश, खरगोन, इंदौर एवं महाराष्ट्र के लोग छत्रपति संभाजी नगर जिला, कन्नड़ से 300 किमी की दूरी पैदल पार कर पाल वृन्दावन धाम आश्रम पहुंचे। इस अवसर पर आयोजित निशुल्क सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का भक्तजनों ने लाभ लिया। इसके अलावा आश्रम की विभिन्न गतिविधियों और सत्संगों को साधकों तक पहुंचाने के लिए स्वयंसेवकों द्वारा डिजिटल वेबसाइट शुरू की गई। साथ ही चैतन्य साधक परिवार द्वारा ग्राम पंचायत पाल में कक्षा 10वीं व 12वीं में अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश सहित विभिन्न प्रान्तों से हजारों श्रद्धालुगण पहुंचे थे और दिन भर पादुका दर्शन के लिए लम्बी-लम्बी कतारें लगी हुई थी।

## कलेक्टर के कहने पर व्यवस्था

# निजी डॉक्टरों ने संजीवनी क्लीनिकों में अपनी सेवाएं देना प्रारम्भ किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गुरूवार को निजी चिकित्सकों द्वारा हरदा के संजीवनी क्लीनिकों में अपनी सेवाएं प्रारम्भ की गई। हरदा शहर के वार्ड क्र. 34 विकास नगर स्थित संजीवनी क्लीनिक में रेवा नर्सिंग होम की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजूषा पराते ने अपनी सेवाएं दी। इसी प्रकार स्त्री रोग विशेषज्ञ मानकर नर्सिंग होम डॉ. यामिनी मानकर ने हरदा के वार्ड क्र. 31 बैरागढ़ स्थित संजीवनी क्लीनिक में अपनी सेवाएं दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि इस दौरान विकासनगर के मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में डॉ. पराते ने 39 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा 13 ए.एन.सी परीक्षण किये। बैरागढ़ स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में डॉ. मानकर ने 35 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परिक्षण किया तथा 3 ए.एन.सी परीक्षण भी किये। उल्लेखनीय है कि गत दिवस कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के निजी चिकित्सकों से हरदा शहर के संजीवनी क्लीनिकों व पॉली क्लीनिक में अपनी सेवाएं देने के लिये चर्चा की थी।

# खाद्य प्रतिष्ठानों पर अनियमितता पाए जाने पर 2 प्रकरण बनाए



**हरदा।** खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने मंगलवार को प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्रियों के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पिडगांव के कलश इंटरप्राइजेस से सोयाबीन ऑयल का सैंपल लिया। उन्होने बताया कि ये सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जायेगा तथा जांच बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार नागपुर-इंदौर रोड़ हरदा पर सुंदरम रेस्टोरेंट, खाटूश्याम ढाबा, पंडित जी रेस्टोरेन्ट ढाबा व राजपूत ढाबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत पंडित जी रेस्टोरेन्ट व राजपूत ढाबा का प्रकरण बनाया गया। श्री कांबले ने बताया कि प्रकरण विवेचना के बाद न्यायालय में पेश किये जायेंगे।

# वकील को दी जान से मारने की धमकी

## अधिवक्ता संघ ने ढाबा संचालक के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



ढाबा संचालक भवानी सिंह ठाकुर नामक युवक पर अधिवक्ता देवेंद्र सिंह राजपूत ने जान से मारने की शिकायत दर्ज किए जाने के बाद भी पुलिस द्वारा मामला दर्ज न किए जाने के बाद अधिवक्ता संघ द्वारा छीपाबड़ थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि अधिवक्ता संघ खिरकिया के सदस्य देवेन्द्र राजपूत को भवानी ठाकुर निवासी आनंद नगर खिरकिया के द्वारा वकालत खत्म करने एवं पडवा आने जाने बंद करने एवं जान से मारने की धमकी देने के संबध में पूर्व में की गई थी।

शिकायत पर भवानी सिंह ठाकुर के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के संबध में मांग की गई है। अधिवक्ता संघ द्वारा बताया गया है कि संबंधित व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो जल्द ही आंदोलन किया जाएगा । देवेन्द्र सिंह राजपूत अधिवक्ता संघ खिरकिया का नियमित सदस्य है । ढाबा संचालक भवानी सिंह ठाकुर के द्वारा संघ के सदस्य को जान से मारने की धमकी गाली गलौज एवं वकालत खत्म करने जैसे शब्दों का गलत प्रयोग किया है । देवेन्द्र को भवानी ठाकुर से जान का खतरा है आवेदक वकालत के कार्य से हरदा भी आना जाना करता है भवानी ठाकुर एक प्रभावशाली व्यक्ति है चारूवा पडवा रोड पर ठाकर ढाबे के नाम से संचालन करता है ओर कहता है कि थाना मेरा कुछ भी नही करता थाने वाले लोग मेरे ढाबे पर आकर दारू मुर्गा का सेवन करते है वह मेरा कुछ भी नही बिगाड सकते तेरी तो वकालत में खत्म कर दूगाँ तेरे से जो बने वह कर लेना। अधिवक्ता संघ खिरकियां द्वारा ढाबा संचालक भवानी सिंह ठाकुर पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है ।

### इनका कहना है

अधिवक्ता संघ द्वारा की गई शिकायत के संबंध में जांच की जा रही है जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

**दिनेश रावत** एसआई थाना छीपाबड़

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता शिविर संपन्न



**हरदा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बुधवार को महिला सशक्तिकरण कार्यालय हरदा में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में बाल विवाह रोकथाम संबंधी नियमों व कानूनों तथा पाक्सों एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान घरेलू हिंसा से पीड़ति महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली निःशुल्क सेवाओं, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, साइबर हेल्पलाइन नम्बर व सीएम हेल्पलाइन 181 के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित महिलाओं को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने के लिये प्रेरित भी किया गया। शिविर में परियोजना अधिकारी सीमा जैन, सेक्टर पर्यवेक्षक निकहत खान सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित थी।

## खेतों से जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें

# सोयाबीन के लिए कृषि वैज्ञानिकों की सलाह

**खंडवा।** जिले में सोयाबीन फसल की सुरक्षा और बेहतर उत्पादन के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उपयोगी सुझाव दिए हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि अधिक वर्षा की स्थिति में खेतों से जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही कीट और व्याधियों की रोकथाम के लिए खेतों में सतत निगरानी रखें। रसचूसक कीटों से बचाव हेतु प्रति एकड़ क्षेत्र में 15 से 20 पीला प्रपंच लगाना चाहिए। कीट नियंत्रण के लिए प्रति हेक्टेयर एक लाइट ट्रेप और फेरोमेन ट्रेप का भी उपयोग करना लाभकारी होगा। वैज्ञानिकों ने सलाह दी कि पक्षियों की मदद से कीट नियंत्रण के लिए खेतों में "टी" आकार की खूंटियाँ लगाएं। उर्वरक और दवाइयों का संतुलित उपयोग भी आवश्यक बताया गया है। 3 सप्ताह तक की सोयाबीन फसल को आगामी 30-40 दिनों तक पर्णभक्षी कीटों से बचाने के लिए क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 100 मि.ली. प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करने की सलाह दी गई है। रसचूसक कीटों से बचाव हेतु इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. 0.2 मि.ली./लीटर या फिप्रोनिल 5 एस.सी. 2 मि.ली./लीटर की दर से प्रति हेक्टेयर 500 लीटर पानी में घोल बनाकर 10-15 दिन के अंतराल से दो बार छिड़काव करें।

### ग्रसित पौधों के अवशेष नष्ट कर दें

करीब एक माह की फसल में गर्डल बीटल के प्रकोप की संभावना रहती है। ऐसे में नियमित निगरानी कर लक्षण दिखाई देने पर प्रोफेनोफॉस 1000 मि.ली./हे. या थायक्लोप्रीड 650 मि.ली./हे. की दर से छिड़काव करें। साथ ही ग्रसित पौधों के अवशेष प्रारंभिक अवस्था में ही निकालकर नष्ट कर दें। अधिक वर्षा व जलभराव के कारण कॉलर रोट बीमारी फैलने की आशंका रहती है। इससे बचने के लिए खेतों से अतिरिक्त पानी की निकासी करें, हस्तचलित डोरा चलाएं और कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से पौधों की जड़ों के पास ड्रेन्चिंग करें।

## नर्मदा परिक्रमा पथ पर पौधों का रोपण

# खंडवा सहित 16 जिलों में 15 से शुरू होगा 7.50 लाख पौधे रोपने अभियान

**खंडवा।** जल, पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण को लेकर प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जाएगा। 15 जुलाई से 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 16 जिलों में मां नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों की लगभग 1000 एकड़ भूमि पर पौधरोपण किया जाएगा। अभियान की जिम्मेदारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशन में मनरेगा परिषद को सौंपी गई है। अभियान के तहत कुल 233 स्थानों पर लगभग 43 करोड़ रुपये की लागत से करीब 7.50 लाख पौधे लगाए जाएंगे। सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पौधों की निगरानी ड्रोन और सैटेलाइट इमेज के माध्यम से की जाएगी। पौधरोपण जिन 16 जिलों में किया जाएगा उनमें खंडवा, अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, नर्मदापुरम, रायसेन, सीहोर, हरदा, देवास और खरगोन शामिल हैं। पौधरोपण दो श्रेणियों में किया जाएगा। पहले, जिन 136 स्थलों पर 2 एकड़ से अधिक भूमि उपलब्ध है, वहां सामान्य पद्धति से 2.15 लाख पौधे लगाए जाएंगे। दूसरे, 97 ऐसे स्थल जहां भूमि 1 एकड़ से अधिक और 2 एकड़ से कम है, वहां मियावाकी पद्धति से 5.50 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।